गैरसैंण, सोमवार
22 सितम्बर 2025
वर्षः 17
अंकः 136 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

कार सवारों पर जानलेवा हमला, नौ पर मुकदमा

रुद्रपुर। मीना बाजार मार्ग पर कार सवारों ने दूसरी कार को रोककर चालक समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी। घायलों को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया। मामले में पांच नामजद समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मनोज सागर पुत्र पन्ना लाल सागर निवासी उत्तर गौजाजाली हल्द्वानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 सितम्बर की मध्य रात्रि बाद वह अपने दो साथियों के साथ कार से मीना बाजार की तरफ जा रहा था। पीछे से आ रही स्कॉर्पियो कार चालक ने उसकी कार को रोका। स्कॉर्पियो से जसवीर सिंह चौहान उर्फ जस्सू, फरीद उर्फ रहमान, नेपाली अधिकारी, आसिफ अंसारी निवासी खटीमा एवं अन्य चार लोग लाठी–डंडों एवं हथियारों के साथ बाहर आ गए। हथियारबंद लोगों को देखकर उसने अपनी गाड़ी पीछे की तरफ बढ़ाई तो उन्होंने उसकी कार में टक्कर मार दी। इससे गाड़ी में बैठे बिरजू पाल के गर्दन एवं हाथ सहित शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। उसे जान से मारने की नीयत से लाठी–डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसके साथी बिरजू पाल, पीयूष पाण्डेय को भी बुरी तरह पीटने लगे। शोरगुल के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देखकर आरोपी भाग गए। तीनों घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बिरजू पाल की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोप लगाया कि जसवीर सिंह चौहान पूर्व से रंजिश रखता है। मनोज सरकार ने पुलिस को बताया कि उसके पास सीसीटीवी फुटेज भी है। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि शनिवार को मिली तहरीर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

चम्पावत जिले के 12 केंद्रों में 3426 में से 2485 ने दी परीक्षा

चम्पावत। जिले में रविवार को यूकेसीसीसी (उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग) की ओर से आयोजित सीजीएल (संयुक्त स्नातक स्तरीय) की लिखित परीक्षा निष्पक्ष और नकल रहित हुई। पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह एक बजे तक दो शहरों के 12 परीक्षा केंद्रों में हुई परीक्षा में कुल 3426 अभ्यर्थियों में से 2485 (72.85 प्रतिशत) ने परीक्षा में शिरकत की। डीएम मनीष कुमार और एसपी अजय गणपति ने कई परीक्षा केंद्रों में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी और मुख्य शिक्षाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि चम्पावत के सात और लोहाघाट के पांच परीक्षा केंद्रों में कुल 3426 अभ्यर्थियों में से 2485 ने परीक्षा दी। 941 (27.47 प्रतिशत) अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नकल रहित, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए कई एहतियाती कदम उठाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा (बीएनएस की धारा 163) लागू की गई थी।

मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी की सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। नवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की उपासना का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का यह पर्व हमें मातृशक्ति की उपासना तथा सम्मान की प्रेरणा देता है। समाज में नारी के महत्व को प्रदर्शित करने वाला यह पर्व हमारी संस्कृति एवं परम्परा का प्रतीक है।

बिहार में विकास मित्रों को टैबलेट के लिए 25 हजार

पटना , बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महादलित, दलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है।

इस फेस्टिवल सीजन सबका मुंह होगा मीठा

मेक इन इंडिया चीजें ही खरीदें, पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में नवरात्रि और जीएसटी 2.0 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी 2.0 लागू होने जा रहा है। सोमवार को आम लोगों की जिंदगी में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, सोमवार से शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्रि शुरू हो रहा है। मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। नवरात्रि के पहले दिन से ही देश आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। नवरात्रि के पहले दिन, 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू हो जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, त्योहारों के इस मौसम में सबका मुंह मीठा होगा। कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। इस जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यम वर्गीय लोग, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी और उद्यमी को इस बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा। यानी, त्योहारों के इस मौसम में सभी का मन मीठा होगा। यह बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों के लिए है, ताकि सभी को आर्थिक लाभ हो सके। कल से आम लोगों की जिंदगी में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

अमावस्या पर तर्पण के साथ पितृ हुए विदा

ऋषिकेश। पितृ अमावस्या पर त्रिवेणीघाट समेत तमान घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद घाट पर पुरोहितों को दान कर पुण्य लाभ भी कमाया। दोपहर तक सभी स्नानघाट श्रद्धालुओं से अटे रहे। रविवार को श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में गंगा में डुबकी लगाई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी श्रद्धालुओं की निगरानी करते हुए नजर आए। पितृ अमावस्या के स्नान को शनिवार की शाम से ही श्रद्धालु ऋषिकेश पहुंचने शुरू हो गए थे। ब्रह्म मुहूर्त के साथ गंगा में स्नान का सिलसिला शुरू हुआ। दिन निकलते निकलते श्रद्धालुओं की भीड़ से स्नान घाट भर गए। दूर तक श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आने पर जयकारों से भी वातावरण गूंजने लगा। स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के नाम के पिंड दान करते हुए उनकी आत्मा शांति की कामना भी की। ऋषिकेश त्रिवेणीघाट पर रविवार को विभिन्न जगहों से लोग गंगा तट पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने अपने पितरों का श्राद्ध किया। तट पर मौजूद ब्राह्मणों ने पूरे विधि–विधान से पिंडदान करवाया और श्राद्ध की प्रक्रिया को पूरा करवाया।

उत्तराखंड में पहली बार होगा आदि कैलाश अल्ट्रा मैराथन

– सीएम ने किया अल्ट्रा मैराथन प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास से 2 नवंबर 2025 को प्रस्तावित आदि कैलाश परिक्रमा रन (अल्ट्रा मैराथन) प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ किया और लोगो का अनावरण किया। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 02 नवंबर 2025 को गूंजी गांव से आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साहसिक और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए प्रोत्साहित करने और नशा मुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह अल्ट्रा मैराथन 10,300 से 15,000 फीट ऊंचाई पर होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 02 नवंबर 2025 को व्यास घाटी में आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक विकास, पलायन की समस्या के निराकरण, स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पर्यटन इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए बनाई गई वाईब्रेंट विलेज योजना को बढ़ावा देने के लिए भी यह मैराथन काफी कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मैराथन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि सीमावर्ती लोगों को सम्मान, स्थानीय पहचान तथा होम–स्टे एवं पर्यटन क्षेत्र में स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने का सशक्त माध्यम भी है। आयोजन से राज्य की प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। रविवार को आयोजित आदि कैलाश परिक्रमा रन मैराथन में प्रदेशभर के बच्चों, युवाओं एवं अन्य सभी आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग किया। मैराथन का समापन उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने कहा कि 10 किलोमीटर दूरी की इस दौड़ प्रतियोगिता के शीर्ष 3 विजेताओं को 2 नवंबर 2025 को गुंजी, पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली आदि कैलाश मैराथन में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा। इस आयोजन की पाँच श्रेणियाँ – 60 किमी (अल्ट्रा रन), 42 किमी (फुल मैराथन), 21 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी रन एवं 5 किमी रन – रहेंगी, जिसमें देशभर के एथलीट प्रतिभाग करेंगे।

उत्तराखंड को स्कूल ड्राप आउट कम करने में मिली बड़ी कामयाबी

देहरादून। उत्तराखंड को अपर प्राइमरी और माध्यमिक स्तर पर स्कूल ड्राप आउट कम करने में बड़ी कामयाबी मिली है। झारखंड के बाद उत्तराखंड देश का ऐसा दूसरा राज्य बन गया है, जहां माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले छात्रों की संख्या सबसे कम है। इसमें उत्तराखंड ने केरल को भी पीछे छोड़ दिया है। हालांकि प्राइमरी स्तर उत्तराखंड ड्राप आउट शून्य करने में कामयाब नहीं रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 2024–25 की यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट प्री–प्राइमरी से लेकर 12वीं तक के सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों के रियल टाइम डाटा पर तैयार की गई है। उत्तराखंड में अपर प्राइमरी में पिछले साल बीच में स्कूल छोड़ने वाले छात्र 2.3 प्रतिशत छात्र थे, जो अब घटकर 1.40 प्रतिशत हो गए हैं। अपर प्राइमरी में उत्तराखंड अभी हिमाचल, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, तेलंगाना, महाराष्ट्र जैसे राज्यों से पीछे जरूर है, लेकिन उत्तराखंड के साथ बने राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ से उत्तराखंड का औसत अच्छा है। माध्यमिक स्तर पर उत्तराखंड को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां ड्राप आउट 5.6 से घटकर 4.6 रह गया है, जो झारखंड के बाद देश में सबसे बेहतर है। प्राइमरी में साथ बने राज्यों की स्थिति बेहतर उत्तराखंड के बेसिक स्कूलों में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में इजाफा हो रहा है। यह स्थिति इसलिए भी ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि उत्तराखंड के सभी पड़ोसी राज्यों में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या शून्य हो चुकी है। वर्ष 2000 में साथ बने छत्तीसगढ़ में स्थिति उत्तराखंड से बहुत बेहतर है। तो झारखंड जैसे राज्य भी ड्राप आउट शून्य करने में कामयाब रहा है। लेकिन उत्तराखंड 2023–24 के 0.8 के मुकाबले इस बार प्राइमरी स्तर पर 0.9 हो गया है। स्कूल और शिक्षक प्रतिशत ज्यादा उत्तराखंड ऐसे राज्यों में भी शामिल हैं, जहां बुनियादी शिक्षा में स्कूल और शिक्षकों का प्रतिशत छात्र प्रतिशत से अधिक है। यहां प्राइमरी स्कूलों में 18 छात्रों पर एक शिक्षक तैनात है। फिर भी यहां स्कूलों में छात्रों की संख्या घट रही है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी से 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी

रुड़क। सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी से मकान बेचने के नाम पर 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दर्ज मुकदमें में एक महिला सहित चार लोगों को नामजद किया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के गीतांजलि विहार निवासी व सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त जगदीश कुमार की ओर से कोर्ट के आदेश पर कोतवाली रुड़की पुलिस ने धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें जगदीश कुमार ने कहा है कि उन्होंने करूणा निधि निवासी गली नं–1 सुभाष नगर रुडकी, मनोज कुमार निवासी शाहपुर, नेहा निवासी दुर्गा कालोनी व ललित आदि ने उसको बताया था कि दुर्गा कालोनी में एक मकान है, जोकि 14 लाख रुपये की कीमत का है। पूर्व कर्मचारी ने बताया कि मकान पसंद आ गया और उसने 14 लाख रुपये उन्हें दे दिए, लेकिन जब उसे मकान का बैनामा करने के लिए कहा था तो उन्होंने बैनामा करने में आनाकानी की।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन

इस राज्य में 42 पार्टियों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल

नई दिल्ली/चेन्नई , चुनाव आयोग ने देशभर में निष्क्रिय पड़ी 474 राजनीतिक पार्टियों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। ये सभी पार्टियां पिछले 6 साल से कोई भी चुनाव नहीं लड़ी थीं। आयोग का कहना है कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया को साफ–सुथरा और पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है। इस कार्रवाई की सबसे ज्यादा असर तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां 42 राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया गया है। इनमें कुछ ऐसी पार्टियां भी हैं जो राज्य की सत्ताधारी पार्टी डीएमके और केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी की सहयोगी रह चुकी हैं।

चुनाव आयोग ने बताया कि तमिलनाडु की जिन पार्टियों का पंजीकरण रद्द किया गया है, उन्होंने या तो लंबे समय से चुनाव नहीं लड़ा या फिर चुनाव लड़े लेकिन अपनी खर्च की जानकारी और सालाना ऑडिट रिपोर्ट समय पर जमा नहीं की। रद्द की गई पार्टियों में मनिथानेया मक्कल काची (एमएमके), कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके), तमिलागा मक्कल मुनेत्र कड़गम (टीएमएमके), मणिथानेया जननायगा काची (एमजेके) और पेरुंथलाइवर मक्कल काची जैसी पार्टियां शामिल हैं।

इनमें से एमएमके और केएमडीके ने पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव डीएमके के साथ मिलकर लड़ा था, जबकि टीएमएमके बीजेपी की सहयोगी रही है। एमजेके और पेरुंथलाइवर मक्कल काची ने पहले ,द्धष्ठरूच के टिकट पर चुनाव लड़ा था। चुनाव आयोग ने साफ किया है कि अगर कोई पार्टी छह साल तक लगातार चुनाव नहीं लड़ती और जरूरी दस्तावेज नहीं सौंपती, तो उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। इसी नियम के तहत देशभर में यह कार्रवाई की गई है। आयोग का कहना है कि आने वाले समय में भी चुनावी सुधारों के तहत ऐसे दलों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे, जो सिर्फ कागजों पर मौजूद हैं लेकिन जमीनी स्तर पर कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं करते।

नमो मैराथन जैसे कार्यक्रम स्वस्थ समाज की कुंजी : सीएम योगी

लखनऊ , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'नशामुक्त भारत' के लिए 'नमो युवा रन' मैराथन का रविवार को शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने संदेश दिया कि 'नमो मैराथन' जैसे कार्यक्रम स्वस्थ समाज की कुंजी हैं। उन्होंने युवाओं से 'नशामुक्त भारत' के संकल्प की ओर अग्रसर होने का आह्वान भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त समाज' थीम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पीछे स्पष्ट धारणा है कि नारी स्वस्थ होगी तो समाज स्वस्थ होगा और परिवार सशक्त होगा। उन्होंने कहा, देश 'विकसित भारत' की धारणा को लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हमने 'विकसित भारत' के साथ 'विकसित उत्तर प्रदेश' अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। मुझे खुशी है कि इस कार्यक्रम को युवाओं, किसानों और मजदूरों समेत समाज के प्रबुद्धजनों का समर्थन मिल रहा है। हर व्यक्ति अपने सेक्टर में सहयोग करने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने संदेश दिया कि हमें अपने गांव, नगर और कस्बे को भी विकसित बनाना है और इसकी कुंजी 'आत्मनिर्भरता' है। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता की कुंजी स्वस्थ समाज में है और स्वस्थ समाज की कुंजी 'नमो युवा रन' जैसे कार्यक्रम में है। सीएम योगी ने यह भी कहा कि नशा नाश का कारण है, नैतिक पतन का कारण है। अगर युवा सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता है तो यह राष्ट्र के लिए कल्याणकारी होता है, लेकिन यही युवा शक्ति नशे की चपेट में आती है तो उसमें घुन लग जाता है। हमें अपनी युवा शक्ति पर गौरव की अनुभूति होती है, लेकिन हमें उसे विघटनकारी और दुष्प्रवृत्तियों की चपेट में आने से बचाना होगा। लखनऊ पश्चिम से भाजपा विधायक नीरज बोरा ने आईएएनएस से कहा कि 'नमो युवा रन' जैसे आयोजन प्रधानमंत्री के जन्मदिन को मनाने का सबसे सुंदर तरीका है। युवा नशा मुक्त हों, हमने कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है। नशा मुक्त और स्वस्थ युवा इस देश के एंबेसडर हैं, और ऐसे युवाओं की कोशिश से 'विकसित भारत' का सपना पूरा हो सकेगा। लखनऊ के अलावा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और आगरा में भी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शाहजहांपुर में 'नमो युवा रन' मैराथन में बड़ी संख्या में युवा और छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। मैराथन को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने हरी झंडी दिखाई। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा को राष्ट्रहित और सकारात्मक दिशा में लगाने का आह्वान किया। सुरेश खन्ना ने कहा, युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि भारत का युवा फिट और ऊर्जावान रहे।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट हैक

मुंबई ,महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट आज सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने अकाउंट से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों वाले पोस्ट शेयर किए। कुछ समय बाद ये सभी पोस्ट डिलीट कर दिए गए। शिंदे के कार्यालय की ओर से बताया गया कि तकनीकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अकाउंट को रिकवर कर लिया है। फिलहाल अकाउंट सामान्य रूप से काम कर रहा है। भारत में साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर साल देश को इससे हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। 2024 में वज़ीरएक्स क्रिप्टो एक्सचेंज से 230 मिलियन डॉलर की हैकिंग, बीएसएनएल का डेटा ब्रीच, और स्टार हेल्थ से 7.24 टीबी डेटा लीक जैसे बड़े मामले सामने आए हैं।

इन साइबर हमलों का मुख्य निशाना टेलीकॉम, फाइनेंस, हेल्थकेयर और एनर्जी सेक्टर हैं।

बिजली उपनल कर्मचारियों ने आंदोलन का किया ऐलान

देहरादून। उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण, महंगाई भत्ता समेत मेडिकल सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराने को विद्युत संविदा एकता मंच ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। चार अक्तूबर से यूपीसीएल मुख्यालय पर आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। विद्युत संविदा एकता मंच के संयोजक विनोद कवि ने आंदोलन नोटिस में कहा कि हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी उपनल कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं हो पाया है। संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को बेवजह लटकाया जा रहा है। कोर्ट के आदेशों को भी लागू नहीं किया जा रहा है। समान काम का समान वेतन नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों की मांग पर महंगाई भत्ते का शासन स्तर से आदेश हुआ था। वित्त के दबाव में इस आदेश को सिर्फ 24 घंटे के भीतर स्थगित कर दिया गया। इससे साफ है कि उपनल कर्मचारियों को लेकर शासन स्तर पर कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई जा रही है। कहा कि अधिकतर उपनल कर्मचारी ईएसआई मेडिकल सुविधा के दायरे से बाहर हो गए हैं। इससे कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा बंद हो गई है। दो साल से बंद पड़ी मेडिकल सुविधा को जल्द लागू किया जाए। मानवाधिकार आयोग भी इस मामले में नोटिस जारी कर चुका है। इसके बाद भी कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

वित्तीय धोखाधड़ी मामले में ईडी ने दिल्ली समेत कई राज्यों में मारी रेड

नकदी लेनदेन के दस्तावेज किए बरामद

रांची,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची जोनल ऑफिस ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, वैशाली (बिहार) और देहरादून स्थित कई परिसरों में रेड मारी। यह तलाशी अभियान मैक्सीजोन टच प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों, चंद्र भूषण सिंह और प्रियंका सिंह द्वारा बड़े पैमाने पर की गई वित्तीय धोखाधड़ी के संबंध में की गई। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के पुलिस अधिकारियों ने कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ जनता के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की। इसके आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि आरोपियों ने एक धोखाधड़ी वाली मल्टी–लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) योजना चलाई, जिसमें आम जनता को उच्च मासिक रिटर्न और आकर्षक रेफरल लाभों का वादा करके लुभाया गया। इस कार्यप्रणाली के माध्यम से उन्होंने कम से कम 21 बैंक खातों में 521 करोड़ रुपए से अधिक की अनधिकृत जमा राशि एकत्र की, जिससे भारी मात्रा में अपराध आय (पीओसी) अर्जित हुई। यह भी पता चला कि आरोपी निदेशक, चंद्र भूषण सिंह और प्रियंका सिंह बाद में सरकारी धन लेकर फरार हो गए। पिछले तीन वर्षों से वे झारखंड, राजस्थान और असम पुलिस सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचते रहे हैं।

बिहार के मोतिहारी में पांच संदिग्ध विदेशी नागरिक पकड़े गए

मोतिहारी ,बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन इलाके से पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त कार्रवाई में पांच संदिग्ध विदेशी नागरिकों को पकड़ा है।

इनसे पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए विदेशी नागरिक नेपाल के रास्ते बिहार पहुंचे थे।

बताया जाता है कि देर रात एसएसबी को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध विदेशी पटना जाने की फिराक में हैं और एक गांव से निकले हैं। एसएसबी के अधिकारियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसएसबी और पुलिस की एक संयुक्त टीम घोड़ासहन बस स्टैंड पहुंची और तलाशी शुरू की। इसके बाद पुलिस ने एक यात्री बस में सवार सभी चार लोगों को हिरासत में ले लिया।

जीएसटी सुधार लागू होने से पहले पीयूष गोयल की इंडस्ट्री से अपील

टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को दें

नई दिल्ली ,केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार लागू होने से पहले उद्योगों से अपील की है कि टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को दें। वस्तु एवं सेव कर (जीएसटी) का नया फ्रेमवर्क 22 सितंबर से लागू हो रहा है। इसके तहत मौजूदा टैक्स स्लैब की संख्या चार – 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत से घटकर दो – 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएगी। इसके साथ ही सरकार ने कई चीजों को टैक्स काफी कम किया है, जिसका फायदा भी इसी दिन से आम लोगों को मिलना शुरू हो जाएगा। इसके अलावा सरकार ने सिन और लग्जरी गुड्स पर 40 प्रतिशत का टैक्स निर्धारित किया है। केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा, कृपया सुनिश्चित करें कि टैक्स कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। इससे उद्योग जगत को भी लाभ होगा। गोयल ने आगे कहा कि सरकार व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में है। उन्होंने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों का जिक्र किया, जिनमें नई लॉजिस्टिक्स नीति लागू करना, नए औद्योगिक शहरों का विकास, छोटे–मोटे विवादों को अपराधमुक्त करना और उद्योग पर अनुपालन का बोझ कम करना शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऑटोमोबाइल जैसे कुछ क्षेत्रों ने पहले ही लाभ ग्राहकों को पहुंचाना शुरू कर दिया है।

सम्पादकीय

नकल माफियाओं की कठपुतली परीक्षा

उत्तराखंड में लगता है किसी भी स्तर की सरकारी परीक्षा आयोजित करना कांटों पर चलने के सामान बन गया है। राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित की जाने वाली अधिकांश परीक्षाएं विवादों के घेरे में आ रही है तो उधर नकल माफियाओं की हरकतों पर निगरानी नहीं रखी जा रही है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा भी विवादों के घेरे में आ गई है जिसमें आरोप है कि परीक्षा के कुछ मिनट बाद ही प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों से बाहर आ चुका था। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने इसे एक गंभीर बात बताते हुए आंदोलन करने का ऐलान किया है तो वहीं सवाल यह भी उठने लगे हैं क्या राज्य लोक सेवा आयोग निष्पक्ष और विवाद रहित परीक्षाएं संचालित करने में सक्षम साबित नहीं हो रहा है? परीक्षा से एक दिन पहले नकल माफिया हाकम सिंह और उसके साथी का परीक्षा में पास करने के एवज में 15 लाख रुपए मांगना भी कई सवाल खड़े करता है। भाजपा इन आरोपों को कांग्रेस की साजिश बता रही है लेकिन इससे भाजपा सरकार एवं आयोग बचने वाला नहीं है। महज आरोप लगाने से सरकार और चयन आयोग खुद को पाक साहब साबित नहीं कर सकता बल्कि इसके लिए इस साजिश के पीछे छिपे उन लोगों को भी बेनकाब करना होगा जो हाकम सिंह जैसे नकल माफिया को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। इधर यूकेएसएसएससी के अनुसार पेपर लीक जैसा कोई मामला नहीं है । पेपर की तीन पेज का स्क्रीन शॉट साजिश के तहत किसी के द्वारा परीक्षा शुरू होने के 35 मिनट बाद बाहर निकला है। निश्चित तर पर यह जांच का विषय है। आख़िर कैसे पेपर के तीन पेज बाहर आए? किसने भेजे इसकी जाँच यूकेएसएससी को करानी चाहिए। किस परीक्षा केंद्र से किसने किया जाँच हो रही है? दावा किया जा रहा है कि धामी सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखंड में लागू किया है, लेकिन उत्तराखंड के युवाओं में सरकार के दावे और कानून अभी शायद कसौटियों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। इतना तो निश्चित है कि इस मुद्दे को लेकर युवाओं में अब काफी गुस्सा नजर आ रहा है और सरकार यदि युवाओं के हित में वाकई गंभीर है तो नकल गिरोह से जुड़े ऐसे नाम भी बेनकाब करने होंगे जिनके इशारे पर हाकम सिंह जैसे लोग सरकारी भर्ती प्रक्रिया को कठपुतली की तरह नचा रहे हैं।

टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

अश्विनी वैष्णव

याद है कि जब सरकारी दस्तावेज बनवाना बड़ा मुश्किल काम हुआ करता था। कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी–कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज़ सीधे आपके फ़ोन पर मिल जाते हैं। यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी–पटरी वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच–नीच को नहीं मानती। यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है– यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

गुजरातः जहां से शुरुआत हुई

मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24&7 नियमित बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे के पानी का स्तर कम गति से घटने लगा। महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले–फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिफ़ ढाई साल में हो गई।

2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी। एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ–साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है।

ई–धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी। इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

राष्ट्रीय परिदृश्य

2014 में उन्होंने गुजरात के अनुभव और सीख को दिल्ली में उतारा। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था। उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक बना, जो दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने। ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़ज़ तक पहुंचने का अवसर मिला।

आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हो गया, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग–दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर सैकड़ों रुपये खर्च करने पड़ते थे। आधार आधारित ई–केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन–देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं।

यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिफ़ अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन–देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही।अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है। आज भारत दुनिया के कुल रियल–टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया। जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन–देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है।

'प्रगतिइ ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।

सबके लिए तकनीक

तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है। डिजी–लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं। सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी–लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

अंतरिक्ष और नवाचार

भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फ़िल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है। चंद्रयान–3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश। इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रह छोड़े, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब भारतीय रॉकेट 34 देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में पहुँचा रहे हैं। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा जताया।

वैश्विक नेतृत्व

जब कोविड–19 आया, तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा–तफरी से जूझ रही थी। भारत ने अपनी ताक़त दिखाते हुए समाधान दिया। कोविन प्लेट-फ़ॉर्म रिकॉर्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था। इस प्लेटफ़ॉर्म ने 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज़ को सटीक डिजिटल ढंग से संभाला। न कोई ब्लैक मार्केटिंग, न पक्षपात सिफ़ पारदर्शी वितरण। डायनैमिक एलोकेशन की वजह से बर्बादी रुकी। बची हुई वैक्सीन तुरंत उन इलाक़ों में भेज दी जाती थी जहां ज़्यादा ज़रूरत थी। यह उपलब्धि दिखाती है कि जब तकनीक को राजनीतिक इच्छाशक्ति का सहारा मिलता है, तो वह बहुत बड़े स्तर पर और पूरी निष्पक्षता के साथ परिणाम दे सकती है।

मैन्युफैक्चरिंग क्रांति

चीज़ें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीज़ें सीखनी पड़ती हैं। यह बिल्कुल वैसे है जैसे कोडिंग सीखते समय सबसे पहले "हैलो वर्ल्ड" से शुरुआत होती है, उसके बाद ही बड़े ऐप्स बनाए जाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन भी इसी क्रम का पालन करता है। देश पहले असेंबली में महारत हासिल करते हैं, फिर सब–मॉड्यूल्स, कंपोनेंट्स और उपकरणों तक आगे बढ़ते हैं। भारत की यात्रा भी इसी प्रगति को दर्शाती है। प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत, आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है।

भारत लंबे समय से डिज़ाइन टैलेंट का केंद्र रहा है। दुनिया के 20त्न से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। अब भारत 2एनएम, 3एनएम और 7एनएम जैसे एडवांस्ड चिप्स डिज़ाइन करने में सक्षम है। ये चिप्स भारत में डिज़ाइन होकर दुनिया भर के लिए बनाए जा रहे हैं।

वर्तमान में फ़ैब्स और पैकेजिंग फ़ैसिलिटीज़ बनाने पर फोकस करना इस प्राकृतिक विकास का अगला कदम है। लेकिन यह सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है।

इससे केवल फैक्ट्रियाँ नहीं, बल्कि एक पूरा ईकोसिस्टम खड़ा हो रहा है। इन क्षेत्रों में बढ़ोतरी प्रधानमंत्री मोदी की वैल्यू चेन की गहरी समझ से संभव हुई है। क्षमता को कदम–दर–कदम विकसित करना और हर चरण को मजबूत बनाना, उसके बाद ही अगले स्तर पर बढ़ना।

बुद्धिमत्ता से युक्त बुनियादी ढाँचा

पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआईएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। हर बुनियादी ढांचे की परियोजना डिजिटल रूप से मैप की जाती है। सड़कें, रेल, हवाई अड्डे और बंदरगाह अब साथ में योजना बनाकर तैयार होते हैं। अब अलग–अलग विभागों में बिखरा काम नहीं, और न ही तालमेल की कमी से होने वाली देरी।इंडिया एआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक–तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिफ़ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकॉन वैली जैसी कंप्यूटिंग सुविधा मिली है।एआईकोश प्लेटफ़ॉर्म पर 2,000 से ज़्यादा डेटा सेट मौजूद हैं। मौसम से लेकर मिट्टी की सेहत तक। इन्हीं की मदद से भारत की भाषाओं, क़ानूनों, स्वास्थ्य प्रणालियों और वित्त क्षेत्र के लिए स्थानीय एलएलएम विकसित किए जा सकते हैं।तकनीक को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की समझ भारत की अनूठी एआई रेगुलेशन नीति में भी दिखाई देती है। दुनिया के केवल बाज़ार–आधारित या सरकार–नियंत्रित मॉडल से अलग, वे एक विशिष्ट टेक्नो–लीगल फ्रेमवर्क की कल्पना करते हैं।

कुकी और मैतेई के बीच समझौते पर सहमति

प्रमोद भार्गव

फरवरी, 2023 में मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच दंगों की शुरुआत हुई थी। अब जाकर यहां स्थायी शांति की दिशा में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप से कुकी समुदायों के संगठनों के बीच समझौते पर सहमति बन पाई है। कुकी नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) ने एक साल के लिए सभी ऑपरेशन निलंबित करने का फैसला लिया है। इससे राज्य में शांति की उम्मीद जगी है।इससे पहले मणिपुर में खूनी संघर्ष के चलते संबंधित पक्ष अपनी शत्रे मनवाने पर अडिग थे। लेकिन अब कुकी–जो के दोनों प्रमुख संगठनों और केंद्र व राज्य सरकार के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। बावजूद कहना मुश्किल है कि स्थायी शांति बनी रहेगी? कुकी गुटों ने मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति जताई है, जो मैतेई समुदाय की प्रमुख मांग थी। वरना इसके पहले कुकी संगठन अलग पहाड़ी राज्य की मांग कर रहे थे। यह चुनौती बड़ी थी, जिसे स्वीकारा जाना कठिन था।

उम्मीद है कि टकराव और हिंसक संघर्ष की स्थिति समाप्त होगी। हालांकि इस समझौते के सामानांतर मणिपुर में नगाओं की संस्था ने मुक्त आवागमन के साथ भारत–म्यामार सीमा पर बाड़बंदी का विरोध करते हुए कारोबारी प्रतिबंध की घोषणा कर दी है। इस वक्तव्य के बाद कुकी–जो परिषद ने कहा है कि समझौते को मैतेई बस्तियों और कुकी–जो के क्षेत्रों के बीच के बफरजोन में किसी तरह की आवाजाही के रूप में नहीं समझा जाए। अब लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना सरकार का काम है। 13 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिजोरम पहुंच रहे हैं। उम्मीद है कि उसके एक दिन पहले मोदी मणिपुर जा सकते हैं। प्रधानमंत्री यकीनन दोनों समुदायों को साधने की कोशिश करेंगे। मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद उनका यह पहला दौरा होगा। विपक्ष प्रधानमंत्री के मणिपुर नहीं जाने पर तल्ख टिप्पणी करता रहा है। 13 फरवरी, 2025 को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। उसके बाद से गृह मंत्रालय के साथ केएनओ और यूपीएफ के प्रतिनिधियों से बातचीत चल रही थी। फलतः सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओएस) त्रिपक्षीय समझौता संभव हुआ। समझौता एक साल के लिए लागू रहेगा।

याद रहे कि कुकी गुटों के साथ 2008 में ही एसओएस पर समझौता हुआ था, जिसे हर साल बढ़ाया जाता था। लेकिन हिंसा के चलते 2024 में इसे बढ़ाया नहीं गया और अब नई शतरे के साथ एसओएस पर समझौता हुआ है। समझौते के तहत मैतेई समुदाय की प्रमुख आपत्तियों के सामाधान भी तलाशे गए हैं। इसके तहत कुकी गुटों को अपने शिविर ऐसे स्थलों से हटाने होंगे जो मैतेई समुदाय से सटे हुए हैं। दरअसल, मैतेई समुदाय आरोप लगाता रहा है कि कुकी अपने शिविरों से मैतेइयों पर हमले करते रहते हैं। इन गुटों को यह भी सत्यापित करना होगा कि उनके गुटों में कोई विदेशी नागरिक तो शामिल नहीं है। इन गुटों के पास जो भी मारक हथियार हैं, उन्हें बीएसएफ और सीआरआरपीएफ के नजदीकी शिविरों में जमा करना होगा। इन शतरे पर पालन के लिए संयुक्त निगरानी समिति बनाई जाएगी।

फरवरी, 2023 में राज्य सरकार ने पहाड़ी और जंगली क्षेत्रों से अवैध प्रवासियों को बाहर करने की शुरुआत की थी। इन क्षेत्रों की नगा और कुकी समुदाय की 34 जातियां, जनजाति की श्रेणी में अधिसूचित हैं। अतएव इनके लिए चिन्हित भूभाग पर किसी गैर–जनजातीय समुदाय के लोग काबिज नहीं हो सकते हैं। विडंबना रही कि जिन लोगों को प्रवासी बता कर विस्थापन का सिलसिला शुरू हुआ तो उन्हें इस इलाके के मूल निवासी कुकी समुदाय ने अपना बताया। किंतु सरकार ने इस तथ्य पर ध्यान न देते हुए कुकियों की बेदखली का सिलसिला तो बनाए ही रखा, साथ ही मैतेई समुदाय को जब जनजाति का दर्जा मिल गया, तब उन्हें बलपूर्वक नगा और कुकी समुदाय के लोगों को आरक्षित भूखंडों पर भी काबिज होने से नहीं रोका। विवाद की असली जड़ यही विरोधाभास है।

कांतारा चैप्टर 1 के ट्रेलर की रिलीज डेट आई सामने



होम्बले फिल्म्स की कांताराः चैप्टर 1 इस समय इंडियन सिनेमा की सबसे ज़्यादा सुर्खियों में रहने वाली फिल्म है, जिसका बेसब्री से दर्शकों द्वारा इंतजार किया जा रहा है. यह फिल्म असल में अपनी घोषणा के समय से ही चर्चा में बनी हुई है. एक शानदार सिनेमाई अनुभव के रूप में आती इस फिल्म के जरिए मेकर दर्शकों को एक अनोखा विजुअल अनुभव देने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि यह फिल्म आईमैक्स फार्मेट में भी रिलीज की जाएगी.इसी के साथ फिल्म कांतारा चैप्टर के मोस्ट अवेटेड ट्रेलर की रिलीज डेट से भी पर्दा उठ चुका है. मेकर्स ने एक पोस्टर के साथ ऐलान किया है कि फिल्म का ट्रेलर 22 सितंबर को 12.45 बजे रिलीज होगा. अब फैंस के बीच फिल्म को लेकर और भी उत्साह बढ़ने वाला है.

कांताराः चैप्टर 1 के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर एक थ्रिल से भरा पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म के आईमैक्स रिलीज की घोषणा की है. उन्होंने इसके साथ ही कैप्शन में लिखा है, पवित्र जड़ों से, एक कहानी जागती है, 2 अक्टूबर से पूरे दुनिया में कांतारा चैप्टर 1 को एक्सक्लूसिव तौर से आईमैक्स में देखें, आप सभी के लिए एक अनोखा फिल्म देखने का अनुभव इंतजार कर रहा है.उत्साह बढ़ते ही, डायरेक्टर आफ फोटोग्राफी, अरविंद कश्यप ने एक दिलचस्प बात बताई कि फिल्म का कुछ हिस्सा आईमैक्स और पीएक्सएल फार्मेट में शूट किया गया है. उन्होंने कहा, हमने कई अहम सीन खास तौर पर आईमैक्स और पीएक्सएल फार्मेट के लिए शूट किए।

एशिया कप टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले 5 गेंदबाज

नई दिल्ली,क्रिकेट के मैदान पर अक्सर गेंदबाजों की तूती बोलती है. बॉलर सिर्फ एक ही गेंद में बल्लेबाज का काम तमाम कर देते हैं. क्रिकेट के मैदान पर गेंदबाज सौ सोनार की एक लोहार की वाली कहावत को सही साबित करते हैं. बल्लेबाज पूरे मैच में गेंदबाज की पिटाई करता रहता है लेकिन गेंदबाज सिर्फ एक गेंद से बल्लेबाज का काम तमाम कर देता है, तो उसके लिए इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं होती है. ये तब और ज्यादा अहम हो जाता है जब बात टी20 फॉर्मेट की आती है. टी20 क्रिकेट में अक्सर बल्लेबाजों का बोलबाला होता है. बल्लेबाज गेंदबाजों को लगातार छक्के–चौके लगाते रहते हैं. लेकिन जब गेंदबाज एक गेंद से बल्लेबाज को पवेलियन की राह दिखा देता है तो वो सबसे ज्यादा सुकून का पल होता है. ऐसा ही कुछ मौजूद एशिया कप 2025 में देखने को मिल रहा है, जहां बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच संघर्ष देखा जा रहा है. तो आज हम आपको एशिया कप टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में बताने वाले हैं. राशिद खान : इस समय अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान एशिया कप के टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले नंबर 1 गेंदबाज हैं. उनके नाम 11 मैचों की 11 पारियों में कुल 14 विकेट दर्ज हैं.

स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, तोड़ा विराट कोहली का महारिकॉर्ड

नईदिल्ली, इंडियन महिला क्रिकेट टीम की बाएं हाथ की स्टार बल्लेबाज और उपकप्तान स्मृति मंधाना आए दिन नए–नए रिकॉर्ड्स अपने नाम करती जा रही हैं. उन्होंने 30 सितंबर से शुरू होने वाले आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले अपने नाम का डंका बजा दिया है. मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई 3 मैचों की वनडे सीरीज के अंतिम मुकाबले में इतिहास रच दिया. वो दुनिया की सबसे तेज वनडे शतक लगाने वाली महिला क्रिकेटर बन गईं हैं. ये स्मृति मंधाना का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में दूसरा शतक था. उन्होंने दूसरे वनडे और तीसरे वनडे में लगातार दो शतक लगाए हैं. इस मैच में स्मृति मंधाना ने मात्र 50 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. जिससे वह भारत के लिए वनडे (पुरुष और महिला) क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं हैं.आपको बता दें कि, आगामी विश्व कप से पहले मंधाना शानदार फॉर्म में हैं. 413 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने अपने वनडे करियर का 13वां शतक जड़ा है. मंधाना महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं. इस बीच मंधाना ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. कोहली ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 गेंदों में शतक जड़ा था. यह रिकॉर्ड अब मंधाना ने तोड़ दिया है. इस मैच में वह 63 गेंदों में 125 रन बनाकर आउट हुईं. उन्होंने अपनी पारी के दौरान 17 चौके और 5 छक्के लगाए. स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में 14 चौकों और 4 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया. मंधाना महिला वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं.

दे काल हिम ओजी: पवन कल्याण की फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान

पावरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित ओजी उर्फ दे काल हिम ओजी 25 सितंबर से बाक्स आफिस पर धूम मचाने के लिए तैयार है. यह गैंगस्टर एक्शन ड्रामा अपने प्रमोशनल कंटेंट से तहलका मचा रहा है. हालांकि हर एक चीज ने फैंस को अपनी ओर खींच रहा है, जिसकी वजह से वह इस फिल्म की एक झलक पाने के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. आज उसी इंतजार को ओजी मेकर्स ने आज ब्रेक लगा दिया है. जी हां, ओजी मेकर्स ने फिल्म के आफिशियल ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान किया है.

सुजीत की निर्देशित ओजी अपनी रिलीज के करीब है. इसे लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है. उनके उत्साह को बरकरार रखने के लिए मेकर्स ने दे काल हिम ओजी के ट्रेलर की तारीख और समय का खुलासा किया है. मेकर्स ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर फिल्म के हीरो पवन कल्याण का नया पोस्टर जारी किया है,

तेजा सज्जा की मिराई ने बाक्स आफिस पर मचाई धूम

तेजा सज्जा अभिनीत फंतासी साहसिक फिल्म, मिराई ने बाक्स आफिस पर शानदार कमाई के साथ अपना पहला हफ़्ता पूरा कर लिया है। फिल्म ने दुनिया भर में ?110 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की है, जिसमें तेलुगु राज्यों से 57 करोड़ और भारत से कुल 85 करोड़ शामिल हैं। विदेशों में इसकी कुल कमाई लगभग ?2.8 मिलियन है, जो 25 करोड़ के बराबर है। मिराई की सफलता का श्रेय इसकी आकर्षक कहानी, शानदार दृश्यों और तेजा सज्जा, मंचू मनोज और रितिका नायक जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय को दिया जा सकता है। फिल्म की कहानी वेधा के इर्द–गिर्द घूमती है, एक ऐसा युवक जो एक सुपर योद्धा बनकर बुरी ताकतों से लड़ने के लिए नियत है।

एशिया कप 2025: बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया

दुबई, बांग्लादेश ने शनिवार को एशिया कप 2025 के सुपर 4 चरण के पहले मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराकर उनके विजयी अभियान को रोक दिया. 169 रनों के लक्ष्य को बांग्लादेश ने एक गेंद शेष रहते हुए 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इसेक साथ ही बांग्लादेश ने कुछ दिन पहले लीग चरण में श्रीलंका से मिली छह विकेट की हार का बदला ले लिया.

इस हार से टी20 एशिया कप में श्रीलंका की लगातार 8 मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया. इसके अलावा ये यूएई में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की चार मैचों में पहली जीत है. और पिछले चार टी20 मैचों में यह उनकी तीसरी जीत है. बड़ी बात ये हा कि 160 से ज्यादा के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की पिछले 16 मैचों में यह सिर्फ दूसरी जीत है.बांग्लादेश की ओर से सैफ हसन ने 45 गेंदों में 61 और हृदोय ने 37 गेंदों में 58 रनों की शानदार पारी खेली. हालांकि गेंदबाजों ने ही जीत का रास्ता खोला, मुस्तफिजुर रहमान ने कुछ आखिरी ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट लिए, जिनमें से दो आखिरी ओवरों में लिए गए, जबकि महेदी हसन ने इस मैच के लिए टीम में वापसी करते हुए 25 रन देकर 2 विकेट लिए.तनजीद हसन के शून्य पर आउट होने के बावजूद, पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाली बांग्लादेश ने पावर–प्ले की समाप्ति पर बढ़त बना ली और 59/1 के स्कोर पर पहुच गई, जो पहले छह ओवरों के 53/1 के स्कोर से थोड़ा बेहतर था. सैफ हसन ने शुरुआत से ही आक्रमक शुरुआत की और पावर–प्ले में कुछ चौके लगाए. उन्हें कप्तान लिटन दास का अच्छा साथ मिला और उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़े. जब वे मजबूती से खेल रहे थे और मैच पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे,

संक्षिप्त समाचार

संदीप अध्यक्ष व जगमोहन बने महामंत्री

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन नगर पालिका के हाल में आयोजित किया गया। अधिवेशन में संघ की नई कार्यकारिणी का भी गठन भी किया गया। रविवार को रेखा रावत की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में अतिथि शिक्षकों को ग्रीष्म कालीन व शीतकालीन अवकाश का मानदेय नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई गई। इसके साथ ही वेतन विसंगति व नियमितीकरण की लंबित मांग को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। इस दौरान संघ की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष पद पर इतेंद्र नैथानी व संदीप पोखरियाल के बीच मतदान हुआ। मतदान में संदीप पोखरियाल को 33 व इतेंद्र मैथानी को 26 वोट मिले। संदीप पोखरियाल ने सात वोटों से जीत दर्ज की। इसके साथ ही महामंत्री पद पर जगमोहन सिंह कोली व कोषाध्यक्ष पद पर नागेंद्र रावत को सर्वसहमति से चुना गया। इस मौके पर पर्यवेक्षक एवं मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा जसपाल रावत, निर्वाचन अधिकारी प्रांतीय महासचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मिनिस्ट्रियल संघ के अध्यक्ष संजय नेगी, रेवती नंदन डंगवाल, प्रेमचंद ध्यानी, उषा गुसांई, विधि नौडियाल, अनिल जोशी आदि शामिल रहे।

पीजी कालेज नई टिहरी में 27 को चुनाव

नई टिहरी। डा जयेंद्र सिंह सजवाण को राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी में छात्र संघ चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने छात्र संगठनों के साथ एवं चुनाव कार्य में सम्मिलित कर्मचारियों के साथ आवश्यक बैठक की और चुनाव करवाने हेतु सभी को निर्देशित किया। चुनाव आचार संहिता सोमवार से लागू होगी। चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव (छात्रा के लिए आरक्षित), कोषाध्यक्ष (छात्रा के आरक्षित)व विवि प्रतिनिधि पद पर आगामी 27 सितंबर को चुनाव होंगें। इसी दिन परिणाम घोषित कर पदाधिकारियों को शपथ भी ग्रहण करवाई जायेगी। नामांकन पत्रों की बिक्री 22 सितंबर को सुबह 11 से तीन बजे तक होगी। 23 सितंबर को नामांकन पत्र 11 से तीन बजे तक जमा होंगे। नाम वापसी की तिथि 24 सितंबर को 10 से 12 तक होगी। नामांकन पत्रों की जांच 24 सितंबर को सुबह साढ़े बारह से तीन बजे तक होगी। इसी दिन वैध प्रत्याशियों की सूची भी जारी की जायेगी। 27 सितंबर को मतदान सुबह 8 से एक बजे तक। इसी दिन 2 बजे के बाद मतगणना और मतगणना के बाद परिणाम व शपथ ग्रहण किया जायेगा।

वाद–विवाद प्रतियोगिता में अव्वल रही साक्षी राणा

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ में प्राचार्य डॉ विजेंद्र लिंगवाल के निर्देशन व राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में आरटीआई वीक के उपलक्ष में आरटीआई पर गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि आरटीआई ने सरकारी विभागों में प्रशासनिक दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद की है। आरटीआई को लेकर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ रवि चंद्रा ने छात्र–छात्राओं को सूचना अधिकार के विषय में जानकारी दी और आगामी 3 अक्टूबर को दून विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बारे में भी जानकारी दी। प्रतियोगिता में पायल सबरीयाल, साक्षी राणा, सानिया रावत, सोनम, आयुष पंवार, कशिश असवाल और डॉली रावत ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने वाद–विवाद प्रतियोगिता में पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी राणा, द्वितीय स्थान सानिया रावत तथा तृतीय स्थान कशिश असवाल ने प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ संगीता कैंतुरा, डा संगीता सिदोला, डा गुलनाज फातिमा, डा करुणा मिश्रा, डा शीला बिष्ट, डा नीलम प्रहरी, डा संगीता खड़वाल, डॉ भारती नौटियाल, डॉ अंचला नौटियाल आदि मौजूद रहे।

महिला का शोषण करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर पुलिस ने महिला के साथ मानसिक एवं शारीरिक शोषण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। महिला थानाध्यक्ष लक्ष्मी सकलानी ने बताया कि बीते अगस्त माह में श्रीनगर निवासी महिला द्वारा महिला थाना श्रीनगर में देहरादून निवासी अभिषेक उनियाल के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी तथा बार–बार शारीरिक सम्बन्ध बनाने व बच्चे को गलत शब्दों का प्रयोग किये जाने पर तहरीर दी थी।

लाखों की चोरी, सामान सहित बदमाशों को किया गिरफ्तार

16 सितंबर को मवाकोट क्षेत्र में हुई थी चोरी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः 16 सितंबर को मवाकोट क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल, ज्वैलरी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने अनुसार, बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए ज्वालापुर-दिल्ली हाईवे से पहले एक बाइक चुराई और फिर इसी बाइक से कोटद्वार पहुंच चोरी की घटना को अंजाम दिया।

मामले में मवाकोट निवासी महावीर सिंह की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 14 सितंबर को उनके भाई पूरण सिंह अरूणाचल प्रदेश चले गए थे। इस दौरान उनके आवास में ताले लगे हुए थे। 17 सितंबर को एक रिश्तेदार उनके घर की ओर गई, जहां उन्हें घर के ताले टूटे मिले। घर के भीतर आलमारी में रखा तमाम सामान यहां–वहां बिखरा हुआ था। बताया कि उन्होंने घटना की सूचना अपने भाई को दी तो भाई ने बताया कि घर में जेवरात भी रखे हुए थे। अरुणाचल प्रदेश से वापस लौटी पूरण सिंह की पत्नी ने पुलिस को चोरी गए जेवरात का पूरा ब्योरा दिया। वहीं, कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद चोरी के खुलासे के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। घटनास्थल के आसपास सीसीटवी कैमरे चेक किए गए। बताया कि बदमाशों की पहचान के बाद हरिद्वार में ज्वालापुर स्थित बाल्मिकी बस्ती में छापेमारी की। छापे के दौरान पुलिस ने बाल्मिकी बस्ती निवासी मोहित और प्रवीण के साथ ही कनखल–सीतापुर निवासी अनुज को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि 14 सितंबर को उन्होंने ज्वालापुर- दिल्ली हाईवे से एक बाइक चोरी की। बताया कि 15 सितंबर को वे कोटद्वार आ गए। कोटद्वार में उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों के पास से चोरी किए गए जेरवरात व अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

कोटद्वार कोतवाली के अंतर्गत मवाकोट क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार तीन बदमाश

वन को गए राम-सीता व लक्ष्मण

रामलीला में मंचन करते कलाकार

कोटद्वारः सिद्धबली मार्ग पर आयोजित रामलीला मंचन के दौरान राम-सीता व लक्ष्मण के वन में गमन सहित अन्य दृश्यों का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। पूरा पंडाल जयश्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष ऋषि आनंद, अनीत चावला, गुरूचरण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रथम दृश्य में भगवान श्रीराम के वन गमन करते हुए गौतम ऋषि के श्राप से शिला बनी अहिल्या का उद्धार करने के दृश्य को दिखाया गया। इस दौरान दर्शक काफी भावुक नजर आए। अगले दृश्य में राम–लक्ष्मण मुनि विश्वामित्र के साथ मिथला की तरफ प्रस्थान करते हैं। मिथला में सीता स्वयंवर, शिव धनुष टूटना, लक्ष्मण–परशुराम संवाद के दृश्यों को फिल्माया गया। इस मौके पर संजय मित्तल, संजय रावत, ओमप्रकाश भाटिया, नितिन गुप्ता, विपिन डोबरियाल, ओम प्रकाश भाटिया, विजय लखेड़ा, विनय भाटिया, महेंद्र सिंह, सुरेश गोयल मौजूद रहे।

संकुल गुणेड़ी रहा ओवर आल चैंपियन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत सरकारी स्कूलों की प्राथमिक स्तर की विकासखंड स्तर की शरदकालीन क्रीडा प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें संकुल गुणेड़ी ओवर आल चैपियन रहा। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख रेनू रावत, क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि शालनी बलोधी ने किया। सर्वप्रथम 4सौ मीटर दौड़ आयोजित करवाई गई। जिसमें बालक वर्ग में अनिरूद्ध बालिका वर्ग में नीतू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दो सौ मीटर के बालक वर्ग में साहिल व बालिका वर्ग में वैष्णवी प्रथम रहे। सौ मीटर दौड़ के बालक वर्ग में दिव्यांश व बालिका वर्ग में वैष्णवी प्रथम रहे। 50 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में दिव्यांश व बालिका वर्ग में वैष्णवी प्रथम रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में संकुल ढौंडियाल व बालिका वर्ग में संकुल धामधार विजेता रहे। खो–खो के बालक एवं बालिका वर्ग में संकुल गुणेडी प्रथम रहे। जूनियर वर्ग के 6सौ मीटर दोड़ के बालक वर्ग में नैतिक बालिका वर्ग में साक्षी प्रथम रहे। 4सौ मीटर दौड़ में बालक वर्ग में निखिल व बालिका वर्ग में कनिका प्रथम रहे। गोला फेंक में साक्षी, चक्का फेंक में शौर्य रावत, बालिका वर्ग में दुर्गा प्रथम रही। कबड्डी में संकुल द्वारी व बालिका वर्ग में गुणेडी संकुल प्रथम रहा। खो–खो के बालक वर्ग में ढावखाल संकुल व बालिका वर्ग में गणेडी संकुल प्रथम रहा। बालीवाल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में किल्बोखाल संकुल व बालिका वर्ग में गेणेडी संकुल प्रथम रहा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अरूण शाह,पलवी अमोला, खेल समन्वयक पंकज सिंह रावत, सुरेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, पंकज जोशी, सुदीप आर्य, मीनाक्षी नेगी, लक्ष्मी टम्टा, राजेश खत्री, विजय पाल, विष्णुपाल सिंह, शिव सिंह मौजूद रहे।

स्व.राम प्रसाद ध्यानी के योगदान को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः साहित्यांचल साहित्यिक संस्था की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक रहे स्व.रामप्रसाद ध्यानी के श्रद्धांजलि दी गई। नजीबाबाद रोड स्थित वैडिंग प्वाइंट में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डा.रामप्रसाद ध्यानी प्रखर वक्ता रहे। उनका हिंदी व अंग्रेजी भाषा पर एकाधिकार था। वे बचपन से प्रखर बुद्धि के रहे। कहा कि उनका प्रारंभिक जीवन संघर्षपूर्ण रहा। लेकिन, उन्होंने अपने जीवन में कभी भी हार नहीं मानी। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उच्च पदों पर आसीन रहे। सेवानिवृत्ति के बाद वे साहित्यांचल संस्था के संस्थापक सदस्यों में रहे। इसके अलावा उन्होंने कई किताबें लिखी है। कहा कि उनके निधन से साहित्य जगत को बहुत बड़ी क्षति हुई है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी, श्री सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डा.जेपी ध्यानी, राजेंद्र पंत, राकेश अग्रवाल, अमित नैथानी, रमाकांत कुकरेती, चंडी प्रसाद, प्रकाश कोठारी, शंकर दत्त गौड, प्रवेश नवानी, ललन बुडाकोटी मौजूद रहे।

धरातल पर संचालित हो रही योजनाओं के बारे में दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः विकासखंड द्वारीखाल में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों ने ब्लाक प्रमुख व अन्य जनप्रतिनिधियों को धरातल पर संचालित हो रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख बीना राणा ने अधिकारियों से अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने के निर्देश दिए। कहा कि जन–जन तक योजनाएं पहुंचे इसके लिए गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।

द्वारीखाल ब्लॉक में ब्लाक प्रमुख बीना राणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डा.सुरेंद्र सिंह नेगी ने शिक्षा विभाग से संबंधित जानकारी दी। बताया कि पीएम श्री योजना के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमोली का चयन किया गया है, इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज चैलूसैण व देवीखेत में सीबीएसई पैटर्न से पढ़ाई होती है, इसके तहत विद्यार्थियों को निश्शुल्क किताब उपलब्ध करवाई जाती हैं। सहायक अभियंता देवेश पचौरी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 36 गांव में कार्य चल रहा है। गांव हिलोगी में पेयजल समस्या है, जिसके निस्तारण के लिए गंभीरता से कार्य हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग से डा.आर्यन सैनी ने बताया कि 24 सितंबर को विकासखंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।

कृषि विभाग के संजय श्रीवास्तव ने कृषि, सहायक विकास अधिकारी कमल सैनी ने उद्यान विभाग व डा.उमेश सिंह ने पशुपालन विभाग से संबंधित जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट ने ग्राम्य विकास विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्णपाल सैनी ने बताया कि योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए छह समितियों का गठन किया गया है। इस मौके पर ज्येष्ठ उप प्रमुख नीलम नैथानी, कनिष्ठ उप प्रमुख कौशल्या देवी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राणा, अर्जुन नेगी, लतीफन बेगम, कुसुम देवी, वीरेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, उषा बडोला, कुलदीप नेगी, जितेंद्र सिंह, रोबिन सिंह, जयपाल सिंह, विनीता भंडारी, आशीष बिष्ट, विजेंद्र सिंह, किशोरी लाल, हेमलता देवी, हर्षदेव नैथानी, राजेश जोशी आदि मौजूद रहे।

विकासखंड द्वारीखाल स्थित ब्लाक मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करती ब्लाक प्रमुख

मैराथन दौड़ में निकिता, सूरज व मोहित रहे प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत नमो युवा दौड़ (मैराथन) का आयोजन किया गया। मैराथन में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बालिका वर्ग में निकिता, बालक वर्ग में सूरज व

ओपन पुरुष वर्ग में मोहित प्रथम रहा। प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कौड़िया चैक पोस्ट से शुरु हुई मैराथन दौड़ को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने हरी झंडी दिखाई। मैराथन दौड़ मालवीय उद्यान में आकर संपन्न हुई। दौड़ के उपरांत पनियाली स्थित वन विभाग के हाल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सीख दी। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हम सभी को इसके खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। मैराथन दौड़ विद्यालय बालिका वर्ग में निकिता, सोनाक्षी, व पीहू ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सूरज, मोहम्मद आयन, रोहित पुरुष वर्ग में मोहित, विकास, मोहित नेगी प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय रहे। जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, महापौर शैलेंद्र रावत, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शांतनु रावत, महामंत्री शुभम रावत, मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल सहित आशीष रावत, प्रकाश बलौदी, हरि सिंह पुंडीर, संजीव द्विवेदी, मुकुल नेगी, नमन भटनागर, सन्नी रावत, पार्षद अमित नेगी, यमन डबराल आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में आयोजित मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में राइंका खोलाचौरी बना विजेता

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः विकासखंड की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज खोलाचौरी में आयोजित की गई। इस दौरान हुई क्विज प्रतियोगिता में राइंका खोलाचौरी विजेता रहा। अब यह टीम जिला स्तर पर आयोजित क्विज में प्रतिभाग करेगी। शनिवार को राइंका खोलाचौरी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का प्रधानाचार्य सुरेश आर्य ने उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्र–छात्राओं में बौद्धिक क्षमता और प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाती है। इस दौरान राइंका खोलाचौरी के तनिक्षा, नैंसी व सचिन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि राइंका देवप्रयाग के खुशी, अंजली रावत व रोहन बिष्ट ने द्वितीय और राइंका कोट के आकाश पांडेय, आदर्श सती व शौर्य कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि राइंका मशण गांव की टीम में शामिल प्रियांशु, अभिनव व नैतिक को चौथे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के ब्लॉक समन्वयक वीरेंद्र खंकरियाल ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता छह चरणों में संपन्न की गई।

डा.विक्रम नेगी ने शीर्ष वैज्ञानिकों में बनाई जगह

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर के वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह नेगी को विश्व भर के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है। वर्ष 2025 के लिए वैज्ञानिकों की वैश्विक सूची स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी, कैलिफ़ोर्निया, अमेरिका ने जारी की है। परिसर निदेशक प्रो. यूसी गैरोला ने यह जाकारी उपलब्ध कराई है। उत्तराखंड के चमोली जिले के कौबगांव, नारायणबगड़ के रहने वाले डॉ. विक्रम नेगी स्व. हयात सिंह नेगी और शशि नेगी के पुत्र हैं। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय चमोली से 12वीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने अपनी स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की शिक्षा एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। डॉ. विक्रम नेगी 2024 में एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय में शामिल होने से पहले जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान में 20 वर्षों तक शोधकर्ता और वरिष्ट वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया। डॉ. विक्रम नेगी हिमालयी क्षेत्र में जैवविविधता संरक्षण और प्रबंधन, पुनरुद्धार पारस्थितिकी, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता निगरानी, औषधीय पौधों की खेती और संरक्षण, पर्यावरण एवं संरक्षण शिक्षा आदि क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। डा.विक्रम सिंह नेगी ने अभी तक 105 शोधपत्र, 29 पुस्तकअध्याय, 12 ग्रंथ और प्रशिक्षण मैनुअल, 26 लोकप्रिय वैज्ञानिक लेख और 2 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। डॉ. नेगी ने हिमालयी पारस्थितिकी तंत्र के सतत विकास के लिए राष्ट्रीय मिशन पर भी काम किया। उन्होंने कैलाश सैक्रेड लैंड स्केप संरक्षण और विकास पहल पर भी कार्य किया है, जो चीन, नेपाल और भारत के बीच एक सहयोगात्मक अंतरराष्ट्रीय परियोजना है। डॉ. विक्रम नेगी को 106वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार, चीनी विज्ञान अकादमी में अंतर्राष्ट्रीय शोध फेलोशिप, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा फास्ट ट्रैक युवा वैज्ञानिक पुरस्कार और उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 7वीं राज्य विज्ञान कांग्रेस में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

धुर्मा गांव में आपदा में लापता दो लोगों की खोज जारी

चमोली। नंदानगर क्षेत्र के धुर्मा गांव में आपदा के दौरान लापता दो व्यक्तियों की खोज के लिए रविवार को एनडीआरएफ,आईटीबीपी, एसडीआरएफ, फायर सर्विस एवं पुलिस–प्रशासन की संयुक्त टीमों ने सर्च अभियान चलाया। बुधवार रात को नंदानगर के कुंतरी फाली, सैंती, सरपाणी और धुर्मा आदि गांवों में भारी बारिश होने से काफी नुकसान हो गया था। आपदा में धुर्मा गांव के 75 वर्षीय गुमान सिंह और 38 वर्षीय ममता देवी लापता हैं।

एनडीआरएफ, आईटीबीपी, एसडीआरएफ, फायर सर्विस एवं पुलिस–प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को भी दोनों लापता व्यक्तियों की खोजबीन की, लेकिन वे अभी तक नहीं मिल सके हैं। डीएम डॉ. संदीप तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। स्थानीय लोग और टीमों का सहयोग भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सरकार और प्रशासन हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ा है। आपदा प्रभावित धुर्मा गांव के लिए प्रशासन द्वारा 50 गद्दे और 50 तकिए भेज दिए गए हैं, साथ ही 15 बड़े टेन्ट और बर्तन भी पंहुचा दिए गए हैं। राशन की आपूर्ति भी लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्र में की जा रही है। ताकि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिल सके। प्रशासनिक टीमें लगातार क्षेत्र में राहत एवं पुनर्वास कार्य संचालित कर रही हैं और लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आरएसएस ने भेजी राहत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन की ओर से कुंतरी फाली व धुर्मा में राहत सामग्री बांटी गई व दवा का वितरण कैम्प लगाया गया। उन्होंने लोगों को राशन के किट प्रदान किये। इस मौके पर जिला प्रचारक मिथलेश, राजेंद्र सिंह, एसपी भट्ट, राजेंद्र पंत, नवीन पुरोहित, जयपाल, भगवती मैंदोली, नरेंद्र नेगी, अजय पुरोहित, संदीप नेगी आदि थे। उन्होंने कहा कि पैदल रास्ते बदहाल हैं। हर जगह आपदा के निशान है। कीचड़ और मिट्टी फैल रखी है। क्षेत्र में हैली कॉप्टर के माध्यम से भी सरकार द्वारा राहत भेजी गई। आपदाग्रस्त गांवों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। सेरा–धुर्मा सड़क बाधित होने से आर रहीं दिक्कतें सेरा–मोख–धुर्मा सड़क आपदा के बाद से बाधित है।

लोक कल्याण मेले में स्ट्रीट वेंडर्स को दी योजनाओं की जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम श्रीनगर में आयोजित लोक कल्याण मेले में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के लाभार्थियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मेले के दौरान शहरी विकास के सिटी मिशन मैनेजर जगदीश रतूड़ी ने स्वनिधि योजना के विभिन्न चरणों की जानकारी दी। बताया कि योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 15 हजार, द्वितीय चरण में 25 हजार तथा तृतीय चरण में 50 हजार तक का ऋण प्रदान किया जाता है। कहा कि स्वनिधि योजना से छोटे स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। डिजिटल लेन–देन से उनका व्यवसाय और मजबूत होगा। साथ ही लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया एवं स्वनिधि से समृद्धि अभियान से जुड़ने के लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।मौके पर सहायक नगर आयुक्त गायत्री बिष्ट, डाटा एंट्री ऑपरेटर चंद्रशेखर बडोनी आदि उपस्थित थे।

महिलाओं ने लाठी लेकर शराब लेने वालों को रोका

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय स्थित पेट्रोल पंप के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर महिलाओं का विरोध तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान महिलाएं लाठी लेकर शराब लेने वालों को रास्ते में ही रोकती रही। ठेके पर आ रहे लोगों को उन्होंने शराब लेने ही नहीं दिया जिसके चलते यहां सन्नाटा रहा। रविवार को भी वार्ड 2 अपर बाजार की महिलाएं शराब की दुकान के बाहर जमा हो गई। हाथ में लाठी लेकर महिलाओं ने शराब नहीं बिकने दी। हालांकि दुकान तो खुली रही, किंतु शराब लेने वाले लोग दुकान में नहीं पहुंच सके। महिलाएं हर किसी को लाठी से डराकर शराब लेने से रोकती रही। शराब की दुकान के बाहर हाईवे पर कई वाहन भी शराब लेने के लिए दुकान के बाहर रुके तो उन्हें भी महिलाओं ने लाठी दिखाकर वापस भेज दिया। इस घटनाक्रम के सामने दुकान स्वामी हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। महिलाओं का कहना है कि जब तक दुकान अन्य जगह शिफ्ट नहीं होती उनका विरोध जारी रहेगा। महिला जनवादी महिला समिति की अध्यक्ष वीरा देवी, राखी देवी, आशा देवी आदि ने कहा कि शराब की दुकान नजदीक होने से आसपास का माहौल खराब हो गया है। दिन रात रास्ते पर शराबी पड़े होते हैं जिससे युवा इस दृश्य को हर दिख देख रहे हैं। युवा भी शराब की गिरफ्त में जा हरे हैं जबकि नौनिहालों के सामने यह दृश्य उनके भविष्य पर असर डाल रहा है। मार्ग में बहू–बेटियों का गुजरना मुश्किल हो गया है। शराबी गाली गलौज करते रहते हैं जिससे महिलाओं का मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि जब तक दुकान को नहीं हटाया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इधर, शराब विक्रेता दुकान खोलकर तो बैठा रहा किंतु लोगों के दुकान तक न पहुंचने के कारण दुकान में सन्नाटा पसरा रहा।

सुरकंडा, चंद्रबदनी और कुंजापुरी मंदिर सजाए

नई टिहरी। वैरात्रों के लिए जनपद में माता के मंदिर सजने लगे हैं। मंदिरों को फूलों के साथ रंग–बिरंगी लड़ियों से सजाने काम शुरू कर दिया गया है। आज से शुरू हो रहे नवरात्रों पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की धूम रहेगी। जनपद के नई टिहरी के माता दुर्गा मंदिर, माता सुरकंडा, माता चंद्रबदनी व माता कुंजापूरी में मंदिरों को नवरात्रि के त्यौहारों के चलते सजाने काम तत्परता से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार टिहरी के प्रमुख माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगने की उम्मीद है।

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर हुआ सामूहिक श्राद्ध तर्पण संस्कार का आयोजन

– 24 पारियों में 12 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्राद्ध कर्म सम्पन्न किया

हरिद्वार। शांतिकुंज में सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के उपलक्ष्य में सामूहिक श्राद्ध तर्पण संस्कार का आयोजन किया गया। चार विभिन्न स्थलों पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कुल 24 पारियों में 12 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए अपने पूर्वजों एवं पितरों की आत्मा की शांति हेतु श्राद्ध कर्म सम्पन्न किया। इस दौरान देवभूमि उत्तराखंड सहित देश भर के विभिन्न आपदाओं, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक संकटों में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए भी प्रार्थनाएं कीं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को एक वृक्ष लगाने का संकल्प भी दिलाया गया ताकि पितृ श्राद्ध को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा जा सके। व्यवस्थापक श्री योगेन्द्र गिरि ने बताया कि शांतिकुंज ने सनातन संस्कृति के संरक्षण के साथ ही समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार की दिशा में भी एक प्रेरणास्पद पहल है।

देवी मंदिरों में नवरात्र को लेकर उत्साह

रुद्रप्रयाग। 16 दिनों से चल रहे श्राद्धपक्ष का पित्र विसर्जन के साथ रविवार को समापन हो गया है जबकि सोमवार से नवरात्र का आयोजन शुरू होगा जिसके लिए मंदिरों में तैयारियां कर दी गई है।

मां के भक्तों में नवरात्र को लेकर उत्साह का माहौल बना है। जनपद के सिद्धपीठ और देवी मंदिरों में नवरात्र की तैयारियां कर दी गई है। देवी मंदिरों के साथ ही घरों में भी लोग रविवार को नवरात्र की तैयारियों में जुटे रहे। शारदीय नवरात्र के लिए मंदिरों में सोमवार से विशेष पूजाएं शुरू होंगी। जौ की हरियाली का रोपण किया जाएगा। जनपद के सिद्धपीठ कालीमठ, मठियाणा खाल, हरियाली देवी, चामुंडा देवी, चंडिका देवी, राकेश्वरी देवी आदि मंदिरों में नवरात्र को लेकर काफी उत्साह है। वही घरों में भी लोगों ने नवरात्र की तैयारियां कर ली है। स्थानीय स्तर पर लोग नवरात्र के लिए खूब खरीदारी कर रहे हैं।

अगस्त्यमुनि और जखोली में छात्र संघ चुनाव 27 सितंबर को

रुद्रप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय जखोली में छात्र संघ चुनाव 27 सितंबर को होंगे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ माधुरी एवं निर्वाचन अधिकारी डा.कपिल ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राजकीय महाविद्यालय जखोली में शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए छात्र संघ चुनाव 27 सितंबर को सम्पन्न किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को नामांकन पत्रों की बिक्री,23 सितंबर को नामांकन दाखिल,24 सितंबर को नाम वापसी व वैध नामों की सूची प्

संक्षिप्त समाचार

बहुउद्देशीय शिविर में उमड़ी रोगियों की भीड़

पिथौरागढ़। पीएमश्री महाकाली इंटर कॉलेज में सेवा पखवाड़े के तहत बहुउद्देशीय शिविर लगा। नगर पालिका अध्यक्ष विमल रावल की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि फकीर राम टम्टा, विशिष्ट अतिथि क्षेत्र प्रमुख विनोद प्रसाद ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सैकड़ों लोगों की जांच कर दवा बांटी। पशुपालन विभाग ने 447 पशुओं का इलाज किया। तहसील कर्मियों ने 29 लोगों के प्रमाण पत्र बनाए। शिविर में 89 लोगों का अल्ट्रासाउंड जांच भी हुई। 23 दिव्यांग प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। होम्योपैथी और आयुर्विक विभाग ने भी लोगों को राहत पहुंचाई।समाज कल्याण विभाग ने 32 लोगों को उपकरण वितरित किए। यहां पूर्व विधायक मीना गंगोला, रविन्द्र डसीला, कविता डोभाल, हरीश दुर्गापाल, रमेश बोरा, लिखित पंत, कृष्णा बोहरा, मनोज टम्टा, हयात बोरा, संजेश मेहता, भगवान डोभाल, उप जिलाधिकारी यशवीर सिंह, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अर्चना कौशिक, प्रशान्त कौशिक, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, परियोजना निदेशक आशीष पुनेठा, , बीडीओ नेहा कुमारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पवन कार्की, सहायक बीडीओ बसंत पांडे रहे।

ज्योतिर्मठ में भालू के हमले में महिला घायल

चमोली। भालू के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योतिर्मठ में चल रहा है। नेपाल मूल की रहने वाली एकमाया जैसी उम्र 40 वर्ष पत्नी भीम प्रसाद जैसी रविग्राम आश्रम पद्धति स्कूल के निकट से गुजरने वाले रास्ते से सड़क की ओर आ रही थी। इसी दौरान घात लगाए भालू ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। महिला का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर आशीष गुसांई ने बताया कि महिला की दाईं आंख के ऊपर माथे पर भालू के पंजों के गहरे निशान हैं तो वहीं सिर पर भी गहरी चोटें आई हैं। बताया कि भालू ने महिला के कमर पर भी अपने पंजे से हमला कर रखा है, लेकिन महिला की स्थिति नियंत्रण में है। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही रेंज अधिकारी गौरव नेगी महिला को देखने चिकित्सालय पहुंचे रेंज अधिकारी नेगी ने बताया कि महिला को इलाज के लिए नियम अनुसार अग्रिम धनराशि दी जा रही है और कार्यवाही पूरी होने पर जो भी राशि जारी होती है वह महिला को दी जाएगी।

नाबालिग को वाहन देन पर 25 हजार का चालान

पिथौरागढ़। डीडीहाट में पुलिस ने एक नाबालिग को दोपहिया वाहन चलाने पर अभिभावक के खिलाफ कार्रवाई की। रविवार को प्रभारी निरीक्षक संजय जोशी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान एक नाबालिग दोपहिया वाहन चलाते हुए मिला। संबंधित के पुलिस पकड़कर थाने ले आई। बाद में उन्होंने नाबालिग के अभिभावक भी थाने बुलाए और दोनों की काउंसलिंग की। साथ ही अभिभावक का 25 हजार का चालान भी काटा।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

पिथौरागढ़। मदकोट में ततैयों के हमले से जान गंवाने वाले मृतक का पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। रविवार को यहां महात्मा गांधी मार्ग स्थित पोस्टमार्टम हाउस में जिला अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने मृतक दर्जी बहादुर सिंह का पोस्टमार्टम किया।

बीते चौना गांव से मदकोट बाजार आते समय बहादुर को ततैयों ने हमला कर घायल किया। घटना के कुछ घंटों बाद उनकी मौत हो गई।

मुख्यमंत्री ने की जी.एस.टी. की नई दरों और स्वदेशी अभियान पर जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मंत्रीगणों, विधायकगणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 सितंबर से देशभर में जी.एस.टी. की नई दरें प्रभावी होंगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दरों का लाभ आम जनता और व्यापारिक समुदाय तक तीव्रता से पहुँचे, इसके लिए प्रदेश में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे 22 से 29 सितम्बर तक अपने–अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करें। इस दौरान प्रभारी मंत्री अपने–अपने जनपदों में तथा विधायकगण अपनी विधानसभाओं में अभियान का नेतृत्व करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जी.एस.टी. की संशोधित दरों से प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी तथा वोकल फ़ॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल की दिशा में राज्य को गति प्रदान होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के अंब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज और जी.आई. टैग प्राप्त 27 उत्पाद, एक जनपद दो उत्पाद योजना तथा अन्य स्थानीय हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद को नए कर ढांचे से बढ़ावा मिलेगा। इससे स्वरोज़गार के अवसर बढ़ेंगे और आत्मनिर्भर उत्तराखंड की परिकल्पना को साकार करने में सहयोग मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों एवं निकायों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं और नगर निकायों के स्तर पर बैठकों का आयोजन हो, जिसमें ग्रामीणों और शहरी क्षेत्र में लोगों को विस्तृत जानकारी दी जाए। साथ ही उद्योग विभाग को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जी.आई. टैग वाले उत्पादों और एक जनपद दो उत्पाद योजना को और अधिक सशक्त तथा बाज़ारोन्मुख बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता अभियान केवल प्रचार तक सीमित न रहे बल्कि इसमें आमजन की सहभागिता और जनभागीदारी भी सुनिश्चित हो। इसके लिए नुक्कड़ नाटकों, लोकगीतों तथा अन्य सांस्कृतिक माध्यमों का उपयोग किया जाएगा, जिससे संदेश लोगों तक सहज और प्रभावी ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का भी उपयोग कर आम नागरिकों और व्यवसायियों तक जानकारी पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी.एस.टी. की नई दरें लागू होने के बाद न केवल व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को इसका लाभ प्राप्त होगा। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादकता और विपणन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी और छोटे–छोटे उद्यमी भी राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजार से जुड़ सकेंगे।

मोती बाग रैबासा होम स्टे सैर सलीका पुरस्कार के लिए चयनित

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विश्वविद्यालय के पर्वतीय पर्यटन एवं आतिथ्य अध्ययन केंद्र द्वारा जिम्मेदार पर्यटन के लिए संचालित सैर सलीका अभियान के अंतर्गत इस वर्ष पौड़ी के सांगुड़ा, मुण्डनेश्वर स्थित मोती बाग रैबासा होम स्टे को सैर सलीका पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। मोती बाग पर आधारित डॉक्यूमेंट्री को पूर्व में ऑस्कर के लिए नामित किया गया था। मोतीबाग उत्तराखंड के श्रमशील किसान विद्या दत्त शर्मा द्वारा संचालित है और वहीं उनके प्रेरक बाग में पहाड़ी शैली में निर्मित होम स्टे मोतीबाग रैबासा पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। स्थानीय वास्तुशिल्प के साथ स्थानीय भोजन और मोती बाग में उगाई जाने वाली सब्जियां तथा जैविक उत्पाद होमस्टे के मुख्य आकर्षण हैं। सैर सलीका पुरस्कार के अंतर्गत प्रकृति पर्यावरण पर्यटन के लिए कार्य कर रहे लोकप्रिय साइकिलिंग समूह पहाड़ी पैडलर्स, बडी हाईकर्स के संस्थापक राकेश सिंह सजवान और राष्ट्रीय सेवा योजना माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल के समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी को सैर सलीका पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार पर्यटन के क्षेत्र में स्वच्छ पर्यटन और जिम्मेदार पर्यटन में नवाचार के लिए प्रदान किया जाता है। पहाड़ी पैडलर्स समूह प्रदेश में साइकिलिंग पर्यटन के साथ प्रकृति संस्कृति पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। समूह में दस वर्ष से सत्तर वर्ष तक के लगभग दो सौ सदस्य हैं। पुष्कर सिंह नेगी माध्यमिक शिक्षा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सैर सलीका अभियान संचालित कर रहे हैं। उन्हें इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा शैलेश मटियानी पुरस्कार दिया गया है। राकेश सिंह सजवान साहसिक यात्राओं और ट्रेकिंग अभियानों में स्वच्छता अभियान संचालित कर जिम्मेदार पर्यटन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पिछले वर्ष ये पुरस्कार पर्यटक गाइड्स को दिए गए थे।

मेरठ प्रांत बना खो–खो का ओवरऑल चैंपियन

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ में चल रही विद्या भारती की 37वीं क्षेत्रीय खो–खो प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। चार दिनों तक चली प्रतियोगिता में कई प्रांतों की कुल 30 टीम के खिलाड़ियों ने स्वस्थ खेल भावना का परिचय देते हुए अंकों के लिए मैदान पर जमकर पसीना बहाया। प्रतियोगिता में मेरठ प्रांत ने ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। समापन पर सभी विजयी टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए गए। अंडर–14 बालिका वर्ग में ब्रह्म देवी सरस्वती विद्या मंदिर हापुड मेरठ प्रांत विजेता, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गरमपानी उत्तराखंड उप विजेता रहा। अंडर–17 बालिका वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर साहिबाबाद मेरठ प्रांत विजेता, सरस्वती विद्या मंदिर सिकंदराबाद मेरठ प्रांत उप विजेता, अंडर–19 बालिका वर्ग में ब्रह्म देवी सरस्वती विद्या मंदिर हापुड मेरठ प्रांत विजेता, सरस्वती विद्या मंदिर बरेली ब्रज प्रांत उप विजेता रहा। अंडर–14 बालक वर्ग में बालेराम बृजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर मेरठ ने सरस्वती विद्या मंदिर चिन्यालीसौड़ उत्तराखंड को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर–17 वर्ग में बालेराम बृजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर मेरठ ने सरस्वती विद्या मंदिर चिन्यालीसौड़ उत्तराखंड को हराया। अंडर–19 बालक वर्ग में बालेराम बृजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर मेरठ विजेता और सरस्वती विद्या मंदिर सिकंदराबाद मेरठ प्रांत उप विजेता रहा।

श्रीनगर में नमो युवा मैराथन और स्वास्थ्य शिविर लगाया

श्रीनगर गढ़वाल। सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को श्रीनगर मंडल में जिला स्तरीय नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्ति संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित मैराथन को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत ने हरी झंडी दिखाकर गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर से रवाना किया।मैराथन में छात्र–छात्राओं सहित बड़ी संख्या में युवक–युवतियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।मैराथन का समापन गोला पार्क में हुआ।वहीं कमलेश्वर महादेव मंदिर में सफाई अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ स्वच्छता का संदेश दिया।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नमो युवा रन का मुख्यमंत्री ने किया फ्लैग ऑफ

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को घंटाघर, देहरादून में ह्यसेवा पखवाड़ाह्न कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ह्यनमो युवा रनह्न का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में सम्मिलित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्यनमो युवा रनह्न केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में ऊर्जा, स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए ह्यफिट इंडिया मूवमेंटह्न को नई दिशा और व्यापक जनभागीदारी प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को नई गति मिल रही है और ह्यसेवा पखवाड़ाह्न के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सकारात्मक योगदान देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की ऊर्जा राष्ट्रहित में और अधिक सार्थक होती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कार्यक्रम के संयोजक विपुल मैदोली सह संयोजक देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद थे।

नकल माफिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ गरजी यूथ कांग्रेस

विकासनगर। यूथ कांग्रेस कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कालसी गेट पर प्रदेश सरकार और नकल माफिया के खिलाफ प्रदर्शन कर सरकार पर युवाओं का भविष्य बेचने का आरोप लगाया। कहा कि प्रदेश सरकार नकल माफिया को संरक्षण दे रही है, जिसके चलते भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार युवाओं के सपनों को बेचकर अपनी झोली भरने की कोशिश कर रही है। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी हाकम सिंह भाजपा से जुड़ा हुआ है। उसे भाजपा के कई बड़े नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है। सरकार का खौफ नहीं होने के कारण इस बार भी उसने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग परीक्षा से पूर्व कई अभ्यर्थियों से संपर्क साधा है, जिससे इस परीक्षा पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि परीक्षा से एक दिन पहले हाकम सिंह की गिरफ्तारी कर सरकार ने खुद को पाक साफ साबित करने के लिए की है, जबकि इस बात की पूरी आशंका है कि गिरफ्तारी से पहले युवाओं के भविष्य का सौदा किया जा चुका होगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी के साथ सांठ गांठ का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि भर्ती परीक्षा प्रक्रिया शुरू होते ही आखिर उस पर नजर क्यों नहीं रखी गई। आरोपी के मोबाइल में अभ्यर्थियों के फोन नंबर मिलने के बाद गिरफ्तारी के लिए परीक्षा से एक दिन पहले तक का इंतजार क्यों किया गया।

नवरात्र में महंगी हुई सब्जियां, फलों में आई मिठास

विकासनगर। हर बार देखा जाता है कि नवरात्र के अवसर पर सब्जियों के दाम कम हो जाते हैं। लहसुन–प्याज का उपयोग नवरात्र में नहीं होता है। इसलिए इसके दाम भी गिरते हैं, फलों की मांग अधिक होने के कारण उनके दाम में उछाल आता है।

लेकिन इस बार सब्जियों के दाम चढ़ गए, जबकि फलों के दाम में गिरावट आई है। फलों के दाम कम होने के कारण नौ दिनों तक उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं को रसीले फलों का आनंद लेना आसान रहेगा। हालांकि श्रद्धालु इस बार माता रानी के दरबार में पुष्प अर्पित करने में कंजूसी कर सकते हैं। इसका कारण फूलों के दामों में भारी उछाल का आना हो सकता है। गेंदे के फूल एक सप्ताह पहले तक 160 रुपये प्रति किलो बिक रहे थे, जबकि अब तीन सौ रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं।

पछुवादून में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई समूह ग भर्ती परीक्षा

– गणित और जीएस ने सवालों ने छात्रों को सबसे ज्यादा उलझाया

विकासनगर। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा आयोजित समूह ग भर्ती परीक्षा पछुवादून के 32 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में जनरल स्टडी और गणित के सवालों ने छात्रों को सबसे ज्यादा उलझाया, वहीं कई अभ्यर्थियों ने पेपर को आसान बताया। परीक्षा सुबह 11 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई, जो दोपहर एक बजे समाप्त हुई। परीक्षा समाप्त होते ही किसी के चेहरे पर खुशी नजर आईं तो कोई मायूसी लिए बाहर निकला। परीक्षा केंद्र से बाहर निकलकर अभ्यर्थी उषा राणा, सोमेंद्र कुमार ने बताया कि जीएस (सामान्य अध्ययन) के सवालों ने उन्हें खूब घुमाया। वहीं गणित के कैल्कुलेटिव सवालों ने भी पसीना छुड़ा दिया। नैनबाग से आए अभ्यर्थी अजय रावत ने कहा, ह्यपेपर न तो बहुत कठिन था और न ही बहुत आसान। जिन अभ्यर्थियों ने अच्छी तैयारी की थी, उनके लिए यह परीक्षा काफी बेहतर रही। गणित के कुछ सवाल ऐसे थे कि परीक्षार्थी उनमें फंस गए। हिंदी ने भी थोड़ा–बहुत समय लिया। चकराता से आए परीक्षार्थी बारू दत्त बिजल्वाण ने बताया कि ओवरऑल पेपर ठीक–ठाक रहा, लेकिन गणित में अनुपात जैसे प्रश्नों ने बहुत समय खा लिया। एक अन्य अभ्यर्थी पूनम बिष्ट ने कहा कि परीक्षा में उसी स्तर के सवाल पूछे गए जो अपेक्षित थे, जिसने ठीक से तैयारी की थी, उसके लिए पेपर सरल था।

नवरात्र में पूजा की थाली हुई सस्ती, श्रद्धालु–व्यापारी खुश

विकासनगर। जीएसटी के दो स्लैब हटने से नवरात्र में माता रानी की पूजा साम्रगी और उपवास सामग्री के दाम कम होने के कारण पूजा की थाली सस्ती हो गई है। उपवास के दौरान श्रद्धालुओं की इन थालियों में आमतौर पर मक्खन, पनीर, दूध, खजूर, ड्राई फ्रूट्स, फल, घी और कुछ स्पेशल व्रत का खाना जैसे पराठे, खाखरा, सूखे मेवे आदि शामिल होते हैं। अब इन सभी चीजों पर लगने वाला टैक्स आज से या तो हटा दिया जाएगा या काफी कम किया जाएगा, जिससे व्रत की थाली भी सस्ती हो जाएगी। अभी तक नवरात्रि के दिनों में एक व्रत वाली थाली तैयार करने में करीब दो सौ रुपये का खर्च आता था। इस खर्च का एक बड़ा हिस्सा टैक्स की वजह से बढ़ता था। लेकिन जीएसटी स्लैब परिवर्तित होने के बाद वही थाली करीब 160 से 170 रुपये में तैयार हो जाएगी।

गाली–गलौज का विरोध करने पर महिला के घर पर पथराव

रुद्रपुर। गाली–गलौज का विरोध करने पर पड़ोसियों ने महिला के घर पर पथराव कर दिया। घटना से परिवार में भय का माहौल व्याप्त हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विकास कॉलोनी वार्ड 16 निवासी वीरावती पत्नी राजाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते हैं और वह बच्चों के साथ अकेली रहती हैं। 17 सितंबर की रात करीब 12 बजे उनकी पुत्री पढ़ाई कर रही थी, तभी पड़ोस के राजपाल राठौर, अंकुर राठौर, अंकित राठौर व उनके घर की महिलाएं दरवाजे पर खड़े होकर गाली–गलौज करने लगीं। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार दिखाकर परिवार को बाहर निकालने की धमकी दी ।

गढ़वाल विवि में 5 पदों पर 10 प्रत्याशी मैदान में

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में आगामी 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नामों की अंतिम घोषणा रविवार को जारी हो गयी है। प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच के बाद छात्र संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी नैनवाल ने नामों की घोषणा की है। अब चुनाव में पांच पदों पर 10 प्रत्याशी मैदान में रहकर अपनी ताकत आजमाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी नैनवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें नामांकन पत्रों की जांच के बाद लिंगदोह समितियों के नियमानुसार अधिक आयु पाए जाने पर अध्यक्ष पद से निर्भय कुमार और सहसचिव पद से पीरा राम का नामांकन पत्र निरस्त किया गया है। अब अध्यक्ष पद पर विद्यार्थी परिषद से महिपाल बिष्ट और जय हो छात्रसंगठन से शिवांश डोभाल के बीच टक्कर होगी। प्रो. नैनवाल ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर छात्रम के अभिषेक घिल्डियाल और आइसा के शिवांक नौटियाल चुनावी मैदान में हैं। सचिव पद पर आर्यन छात्र संगठन के आयुष पुरोहित और एनएसयूआई के मोहित राणा चुनावी मैदान में टक्कर देंगे। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर अनमोल सिंह जयाड़ा और शौर्य विकास उपाध्याय तो छात्रा प्रतिनिधि पद पर निशा और विद्यार्थी परिषद की विदिशा सिंह के बीच चुनाव होगा।

एनआईटी के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत रविवार को नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

अभियान में छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्रों ने एनआईटी परिसर में कूड़ा–करकट एकत्र कर स्वच्छता का संकल्प लिया। संस्थान द्वारा स्वयंसेवकों को वातावरण को स्वच्छ रखने, अपने साथियों तथा स्थानीय लोगों में पर्यावरणीय जागरूकता फैलाने के लिए शपथ दिलाई।

मोक्षधाम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

पिथौरागढ़। नगर में सोशियल वेलफेयर सोसायटी ने पितृ विसर्जन अमावस्या पर पौधरोपण अभियान चलाया।

रविवार को पदाधिकारियों व अन्य लोग ऐंचोली के समीप स्थित मोक्षधाम स्थल पहुंचे। उन्होंने आम, आंवला, पीपल, बड़, पय्या, तिमला, बांस, सीलग, देवदार आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। साथ ही लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण व उनकी देखरेख करने के लिए प्रेरित किया। सोसायटी ने मोक्षधाम स्थल परिसर की देखभाल व देखरेख के लिए राजू सामन्त को नियुक्त कर चाबी सौंपी। यहां कैलाश चंद्र पुनेठा, ललित मोहन तडागी, शमशेर महर, मान सिंह गर्ब्याल, अजय रावत, अजय जोशी, राजेन्द्र मित्तल, हेम गुंज्याल, जगदीश बहादुर थापा, मुकेश कलखुडिया, कमल सुंठा, राजेन्द्र चिलकोटी आदि मौजूद रहे।

मैराथन दौड़ में एक हजार से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मनोज सरकार स्टेडियम से शुरू हुई इस दौड़ में एक हजार से अधिक युवाओं ने भाग लेकर उत्साह और खेल भावना का परिचय दिया।

मैराथन का शुभारंभ सांसद अजय भट्ट और भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ में सौरभ रावत प्रथम, धीरज द्वितीय और शोभित तृतीय रहे। शीर्ष तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार और अन्य प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है।

आयुष चिकित्सकों का सात दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

पिथौरागढ़। सीमांत में आयुष चिकित्सकों का रविवार को सात दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ चंद्रकला भैसोड़ा ने बताया कि डिजिटल युग में आयुष चिकित्सकों को कंप्यूटर दक्षता से लैस करने के लिए आयुष मंत्रालय की पहल पर प्रदेश के 260 आयुष चिकित्सकों और 80 मिनिस्ट्रियल कर्मियों को डिजिटल स्किल करने के लिए स्किल अप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत यहां भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संकल्प फाउंडेशन के सक्षम इंस्टिट्यूट एवं ऑफ एजूकेशन एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित प्रशिक्षण पूरा हो गया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष व मास्टर ट्रेनर अमित जोशी ने चिकित्सकों को कोर्स के विभिन्न मॉड्यूल्स को सहजता पूर्वक सीखने के लिए सभी डॉक्टर्स की प्रशंसा की और भविष्य में कंप्यूटर फील्ड से संबंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु सपोर्ट करने का आश्वासन दिया। यहां नोडल ऑफिसर डॉ. नीरज कोहली, वरिष्ठ आयुष चिकित्सक डॉ. ज्योत्सना सनवाल, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. उषा भट्ट, डॉ. दीक्षा उप्रेती, डॉ. रश्मि, डॉ. सुमन कोहली आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338